**अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा द्वारा 6 जनवरी 2019 को पोलो ग्राउंड, जोधपुर में आयोजित होने वाले 'माहेश्वरी ग्लोबल एक्सपो (MGE)–अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड फेयर' के उद्‌घाटन के अवसर पर अंतराष्ट्रीय माहेश्वरी महाधिवेशन सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय लोक सभा अध्यक्ष का भाषण।**

1. मुझे खुशी है कि आज राजस्थान के दूसरे सबसे बड़े एवं खूबसूरत शहर जोधपुर में अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा के तत्वावधान में आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी महाधिवेशन' में 'माहेश्वरी ग्लोबल एक्सपो– अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड फेयर के उद्‌घाटन के अवसर पर आयोजित इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

2. मैं गर्मजोशी भरे आतिथ्य सत्कार के लिए आयोजकों को धन्यवाद देती हूं। इस प्रकार के आयोजन से हमें अपनी उपलब्धियों का हर्ष मनाने और हमारे विविध अनुभवों को साझा करते हुए एक दूसरे के साथ संबंध और संपर्क बनाने का अवसर मिलता है।

3. इस महाधिवेशन में देश के अलावा विदेशों से भी उद्योगपति, समाजसेवी, विविध क्षेत्रों के महारथी, विशेषज्ञ अधिकारी, न्यायाधीश, राजनीतिज्ञ एवं माहेश्वरी समाज के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित हैं एवं अपने समाज और देश के विकास हेतु चिंतन एवं भविष्य के कार्यों की रूप–रेखा बनाने के लिए एकत्रित हुए हैं।

4. जैसा कि सर्वविदित है कि राजस्थान की गौरवमयी संस्कृति, परम्परा एवं आतिथ्य सत्कार किसी परिचय का मोहताज नहीं है। उसमें भी सूर्यनगरी जोधपुर का तो अंदाज ही अनूठा है। उत्सवों के प्रदेश में उत्सवों की कोई कमी नहीं है। जितनी विविध यहां की आतिथ्य परंपरा है उतना ही विविध यहां का स्थापत्य भी है।

5. ''**शिव–पार्वती**'' द्वारा वरदान प्राप्त माहेश्वरी समाज का एक गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। माहेश्वरी समाज का बोधचिन्ह भी अत्यन्त प्रभावशाली है। नौ पंखुड़ियों वाले श्वेत कमलपुष्प के आसन पर भगवान शिव विराजमान हैं एवं त्रिपुंड, त्रिशुल एवं डमरू उनकी शोभा बढ़ा रहे हैं एवं कमल के पत्तों पर सेवा, त्याग और सदाचार चित्रित है, जो इस समाज की पहचान भी है।

6. अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा, वर्ष 1892 में अपनी स्थापना के समय से ही यह महासभा, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में आ रही चुनौतियों की पहचान करने और अपने विशिष्ट सांस्कृतिक मूल्यों तथा आदर्शों की सुरक्षा करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से '**सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय**' के सिद्धांत पर निरंतर कार्य कर रही है और इस संस्था ने समाज, समुदाय और राष्ट्र के कल्याण के लिए अपना व्यापक योगदान दिया है।

7. स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर आज तक यह समाज देश की प्रगति और विकास में निरंतर जुटा हुआ है। विशेषकर आर्थिक क्षेत्र में इस समाज की उपलब्धियां विशिष्ट हैं। सुप्रसिद्ध उद्योगपति जीडी बिड़ला जी एवं जमना लाल

बजाज जी गांधी जी के निकट सहयोगी थे। इंदौर में भी कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इस समाज से रहे हैं जिन्हें मैं जानती हूं। चाहे वह स्व. श्रीरामजी आगार हों अथवा राधा देवी आजाद हों, यहां तक कि समाज की महिलाएं भी स्वतंत्रता की लड़ाई में अग्रणी रही हैं।

8. व्यवसाय को अपना कर्म समझकर इस समाज के लोगों ने कठिन परिश्रम, लगन एवं उत्साह के द्वारा नई–नई ऊँचाईयां हासिल की हैं। इन्होंने व्यापार में भी ethics को प्रमुखता दी है इसलिए इनकी साख हमेशा बनी रही है। प्रख्यात स्टॉक मार्केट निवेशक श्री राधाकृष्ण दम्मानी मंच पर उपस्थित हैं एवं इन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, निष्ठा, कर्मयोग एवं दृढ़संकल्प का परिचय देते हुए अपने व्यावसायिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा अर्जित की है।

9. मूल रूप से माहेश्वरी समाज के लोग उदारमना होते हैं। अच्छे काम में सहयोग की भावना उनमें हमेशा कायम रहती है, बस उन्हें इस बात का विश्वास चाहिए होता है कि जो सहयोग वे दे रहे हैं उसका सही मायने में उपयोग होना चाहिए।

10. किसी भी समाज का आकलन समाज में किए गए उनके द्वारा योगदान एवं जनकल्याण के कार्यों द्वारा होता है। हमारे जैसे बहुसांस्कृतिक, बहुभाषी एवं विविधताओं भरे देश में इस समाज ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला, परम्परा, भाषा एवं साहित्य का पुरजोर संरक्षण एवं संवर्धन किया है।

11. व्यापार के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में भी माहेश्वरी समाज के लोगों ने अपना नाम कमाया है, जैसे विधि के क्षेत्र में जस्टिस रमेश चन्द्र लाहोती, पत्रकारिता में सुश्री शोभना भरतिया, राजनीति में श्री श्याम जाजू, श्री राजकुमार धूत एवं श्रीमती किरण माहेश्वरी। क्रिकेट के क्षेत्र में स्मृति मंधाना ने इस वर्ष विश्व की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का गौरव प्राप्त कर देश एवं समाज का मान बढ़ाया है।

12. माहेश्वरी समाज से मैं लंबे समय से जुड़ी हूं। मेरे शहर इंदौर में भी आपके समाज का बड़ा वर्ग निवास करता है। माहेश्वरी समाज के लोगों में मैंने एक विशेषता जरूर देखी है वे उद्योग–व्यापार में तो पारंगत है ही लेकिन समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने में भी वे हमेशा आगे रहते हैं। यह समाज आज जनसंख्या के लिहाज से भले ही कम हो लेकिन अन्य समाज को नेतृत्व देने और प्रेरणा प्रदान करने में इस समाज के लोग काफी आगे हैं। अन्य समाज के लोगों में माहेश्वरी समाज के प्रति सम्मान एवं विश्वसनीयता का भाव है।

13. इंदौर में स्वर्गीय हरिकिशन जी मुछाल, स्वर्गीय बाबूलाल जी बाहेती और आदरणीय बनवारीलाल जाजू से भी निकट से परिचित रही हूं। उनकी कार्यशैली और दूरदृष्टि हमेशा प्रशंसनीय रही है। मुछालजी और बाहेतीजी ने इंदौर में कपड़ा मार्केट का नेतृत्व किया और शिक्षा के क्षेत्र में इतना बड़ा काम किया है कि आज वह पूरे देश में एक मिसाल है। सामाजिक कुरीतियों के निवारण में

माहेश्वरी समाज आगे रहा है और इसका श्रेय मैं समाज की महिलाओं को भी देना चाहूंगी।

14. मैं यह बात मेरे अनुभव से कह सकती हूँ कि सार्वजनिक क्षेत्र का कोई भी सफल संगठन अगर कहीं मौजूद है तो यह तय मानिए कि उसके पीछे आपको माहेश्वरी समाज का कोई व्यक्ति पूरी ताकत व ईमानदारी से जुड़ा हुआ जरूर मिलेगा। माहेश्वरी समाज के लोगों की यही विशेषता उन्हें अन्य समाज के लोगों से अलग कर एक ऊंचा दर्जा प्रदान करती है।

15. माहेश्वरी समाज के कई युवा भी मेरे राजनीतिक सफर में मेरे निकट सहयोगी रहे हैं और आज भी मेरे साथ क्षेत्र के विकास और शुचितापूर्ण राजनीति के जिस कांटों से भरे मार्ग को मैंने चुना है, उस मार्ग पर वे हर कदम पर मेरे साथ हैं। ये लोग मेरे सहयोग के साथ–साथ समाज के विकास में, समाज की शैक्षणिक संस्थाओं के विकास में तन–मन से जुटे हुए हैं और यह सब इसीलिए संभव हो जाता है।

16. किसी भी देश के युवा उस देश का भविष्य होते हैं और भारत का Demographic Dividend हमारे पक्ष में है। हमारे देश के पैंसठ प्रतिशत से अधिक लोग अभी युवा हैं एवं ग्लोबलाइजेशन के पश्चात् उनके समक्ष उन्नति की अपार संभावनाएं हैं। यदि वे कुशल एवं दक्ष Human Resource के रूप में अपने को विकसित करें एवं बदलते परिवेश के साथ चलें, तो इसे इसमें कोई शक नहीं कि विश्व में उनके सामने बहुत सारे अवसर आएंगे। माहेश्वरी समाज

को भी ऐसे दक्ष युवाओं के लिए अवसर प्रदान करना चाहिए तभी तो हमारी तीव्र आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होगी।

17. यहां इस सम्मेलन के साथ–साथ माहेश्वरी ग्लोबल एक्सपो 2019 का भी आयोजन किया जा रहा है। जैसा कि मुझे बताया गया है कि इस व्यापार मेले का उद्देश्य उद्यमियों, शिक्षाविदों, पेशेवर व्यक्तियों और सरकारी अधिकारियों को व्यावसायिक विकास के लिए विचारों और जानकारी का आदान–प्रदान करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय मंच के रूप में कार्य करना है। इस संदर्भ में यह खुशी की बात है कि इस एक्सपो में भाग लेने के लिए आये उद्यमियों में बहुत से आपके युवा उद्यमी भी सम्मिलित हैं।

18. समाजजनों के इस विशाल एकत्रीकरण से जहाँ समाज की ज्वलन्त समस्याओं पर बेबाक मंथन हो सकेगा वहीं देश भर में माहेश्वरी समाज के बंधुओं को अपने समाज की मजबूती का अहसास होगा। समाज के वे लोग जो आज भी मुख्य धारा से दूर हैं और जो यहाँ पहुँच भी नहीं पाए होंगे उनके समुचित और सर्वांगीण विकास के लिए योजना और प्रयास इस महाकुम्भ का उद्देश्य होना चाहिए।

19. मैं भविष्य में भी उनके संगठन द्वारा निरंतर समाजपोयोगी कार्य किए जाने की आशा करती हूं। मैं इस अवसर पर सभी Achievers and Award Winners को भी बधाई देती हूं जिन्हें आज यहां सम्मानित किया जा रहा है, वे

सभी निश्चय ही माहेश्वरी समाज की भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा के स्रोत सिद्ध होंगे।

धन्यवाद।

———————